जागरण

ब्रांडेड कंपनियों के नकली कपड़े पकड़े

Publish Date:Tue, 19 Jun 2018 09:52 PM (IST)

जागरण संवाददाता, शिमला : शिमला में ब्रांडेड कंपनियों के नकली कपड़े बेचे जा रहे हैं। पुलिस ने मंगलवार को लक्कड़बाजार के दुकानदार हरभजन सिंह नागपाल के स्टोर में छापेमारी की तो दस बोरियां नकली कपड़ों से भरी मिलीं। इनमें लिवाइस, टॉमी हिलफिग्र, यूएस आदि इंटरनेशनल ब्रांड के नकली कपड़े थे। जब पुलिस ने मालिक से पूछा तो संतोषजनक जबाव ही नहीं दे पाया है। इसके बाद पुलिस ने कॉपी राइट एक्ट की धारा 63 और 64 में मामला दर्ज कर लिया। देर शाम को पुलिस की टीम ने स्टोर में छापेमारी की है। असल में कंपनी के मैनेजर हरमिंद्र ने पुलिस को मंगलवार सुबह एक शिकायत सौंपी थी। इस शिकायत में एक वीडियो भी था। उक्त दुकान से कुछ महीने पूर्व कपड़ों की शॉपिंग की थी। इसका विडियो बनाया गया है। उन कपड़ों को कंपनी में भेजा गया ताकि ये पता चल सके कि असली हैं या नकली, लेकिन जब कंपनी की ओर से रिपोर्ट आई तो सारे कपड़े नकली पाए गए। इसी के बाद पुलिस में शिकायत दी। असल में कंपनियां होल सेल का काम नहीं करती हैं। सीधे फ्रेचांइजी के माध्यम से अपना कारोबार करती हैं, लेकिन उक्त दुकान में बिना बिल के नकली माल बेचा जा रहा था। इस मामले के सामने आने के बाद शहर के अन्य ऐसे कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने भले ही मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन शहर के कई उपनगरों में नकली कपड़े बिना बिल के बेचे जा रहे हैं।

Source: https://www.jagran.com/himachal-pradesh/shimla-police-case-18101022.html